हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 13/09/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 15	क्रम सं0(Serial No.) 2

नक्सलियों द्वारा छिपाई गई आईईडी को निष्क्रिय किया

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। छत्तीसगढ़ के सीआईएसएफ बल सदस्यों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर लगाये गए 3 किलोग्राम के प्रेशर एक्टिवेटेड आई.ई.डी. का पता लगाकर उसे निष्क्रिय करने में सफलता हासिल की है। उनके इस त्वरित और साहसी कार्य से न केवल बहुमूल्य जिंदगियाँ बचाई गई बल्कि एक संभावित आपदा को भी टालने में कामयाबी मिली है।

मुख्य प्रवक्ता श्रीकांत किशोर ने बताया कि गुरुवार को बीआईओएम किरंदुल में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड विस्फोटक वैन की आवाजाही निर्धारित थी। वैन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीआईएसएफ की टीम लोहागांव जंक्शन के रास्ते को सुरक्षित करने के लिए तैनात थी।

दो ग्रामीणों को मार डाला

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की फंदे से लटकाकर हत्या कर दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों ने एक स्कूली छात्र सहित तीन लोगों का अपहरण कर लिया था।